अति–आवश्यक/आज जारी हो।
स्वाधीनता दिवस समारोह–2017

राजस्थान सरकार
मंत्रिमण्डल सचिवालय

विषयः– स्वाधीनता दिवस समारोह–2017 के अवसर पर लोक कलाकारों, आर्टिजन्स, विशिष्ठ व्यक्तियों, सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों, खिलाड़ियों एवं तैराक आदि को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों/सेवाओं के लिये प्रशंसा प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाने बाबत।

आगामी स्वाधीनता दिवस समारोह–2017 के राज्य स्तरीय समारोह के अवसर पर माननीय राज्यपाल महोदय की ओर से दिये जाने वाले एटहोम कार्यक्रम पर **लोक कलाकारों, आर्टिजन्स, विशिष्ठ व्यक्तियों, सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों, खिलाड़ियों एवं तैराक** आदि को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिये प्रशंसा प्रमाण–पत्र प्रदान किये जावेंगे, जिनके लिये निम्नानुसार प्रस्ताव अपेक्षित हैः–

1. प्रस्ताव संबंधित जिला कलेक्टर के माध्यम से उनकी अनुशंषा सहित संबंधित विभाग के अतिरिक्त शासन सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव को प्रेषित किये जावें।
2. जिला कलेक्टर के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव का संबंधित प्रशासनिक विभाग द्वारा विस्तृत परीक्षण कर अपनी सिफारिश के साथ प्रस्ताव मंत्रिमण्डल सचिवालय को भिजवाया जावें।
3. उक्त बाबत प्रस्ताव 7 प्रतियों में प्रेषित किये जावें। विशिष्ट उपलब्धियां अधिकतम एक पृष्ठ में प्रस्ताव के साथ प्रेषित की जावें।

अतः अनुरोध है कि उक्त बाबत **प्रस्ताव दिनांक 20.07.2017 तक अपनी सिफारिश** के साथ मंत्रिमण्डल सचिवालय को भिजवा दिये जावें, ताकि यथा समय उन पर अग्रिम कार्यवाही की जा सके। **इस तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले प्रस्ताव पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही किया जाना संभव नहीं होगा।**

IMMEDIATE

(पवन कुमार गोयल)
प्रमुख शासन सचिव

समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/ शासन सचिवगण।

अशा0 टीप क्रमांकः प0 25(3)मंमं/2017
जयपुर, दिनांकः 15 JUN 2017

1. प्रतिलिपि समस्त विभागाध्यक्षों **(जिला कलेक्टरों सहित)** को प्रेषित कर निवेदन है कि कृपया इस प्रकार के प्रस्ताव संबंधित प्रशासनिक विभाग के अतिरिक्त शासन सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव को दिनांक 10.07.2017 तक प्रेषित किये जावे। तत्पश्चात प्रशासनिक विभाग द्वारा विस्तृत परीक्षण कर अपनी सिफारिश के साथ प्रस्ताव मंत्रिमण्डल सचिवालय को भिजवाये जावेंगे। प्रशासनिक विभाग की बिना टिप्पणी/सिफारिश के सीधे ही मंत्रिमण्डल सचिवालय को प्राप्त होने वाले प्रस्तावों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जावेगी।
2. प्रतिलिपि निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, राज0, जयपुर को प्रकाशनार्थ।

(एन0एल0 जेवरिया)
शासन उप सचिव

लोक कलाकारों, आर्टिजन्स, विशिष्ठ व्यक्तियों, सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों, खिलाड़ियों एवं तैराक आदि को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिये प्रशंसा प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाने के संबंध में प्रपत्र

1. अंग्रेजी में पूरा नाम (बड़े अक्षरों में)
2. हिन्दी में पूरा नाम (अनिवार्य):
3. घर का पूरा पता:
4. पत्राचार का पूरा पता (दूरभाष संख्या आदि सहित)
5. जन्म तिथि:
6. अर्जित विशिष्ट उपलब्धियां का क्षेत्र:
7. पूर्व में प्राप्त पुरस्कारों का ब्यौरा, यदि कोई है:
8. विभाग द्वारा अग्रेषण टिप्पणी:
9. प्रशासनिक विभाग की अनुशंषा:
10. अन्य कोई सुसंगत सूचना:

संस्तुत करने वाले प्राधिकारी
का हस्ताक्षर मय नाम व पदनाम सहित
दिनांक: